# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हिण्डोली जिला बून्दी (राज0)

पीठासीन अधिकारी :— अमित कुमार चौधरी, आर.ए.एस. (उपखण्ड अधिकारी हिण्डोली)

वाद संख्याः— 100/प्रा0पत्र/2019

1. कमल कुमार आयु 48 वर्ष आ0 श्री बाबूलाल जाति महाजन निवासी दुगारी तहसील नैनवा जिला बून्दी राज0
2. घनश्याम लाल आयु 45 वर्ष आ0 श्री बाबूलाल जाति महाजन निवासी दुगारी तहसील नैनवा जिला बून्दी राज0

प्रार्थीगण

बनाम

1 राजेन्द्र कुमार आ0 श्री मोतीलाल जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
2 भंवरला आ0 श्री रामनारायण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
3 राधेश्याम आ0 श्री रामनारायण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
4 कैलाश आ0 श्री रामनारायण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
5 खेमराज आ0 श्री रामनारायण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
6 भवानीशंकर आ0 श्री बाबूलाल जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
7 हरिओम आ0 श्री बाबूलाल जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
8 कमलेश बाई पत्नी श्री बाबूलाल जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
9 मोतीलाल आ0 श्री शिवजीराम जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
10 गायत्री पत्नी श्री राधेश्याम जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
11 पवन आ0 श्री महावीर जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
12 गोविन्द आ0 श्री महावीर जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
13 अनिल आ0 श्री महावीर जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
14 मैना पुत्री श्री महावीर जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
15 रामजानकी पत्नी श्री महावीर जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
16 हेमराज आ0 श्री रामलक्ष्मण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
17 ओमप्रकाश आ0 श्री रामलक्ष्मण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
18 लाड पुत्री श्री रामलक्ष्मण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
19 रूकमणी पुत्री श्री रामलक्ष्मण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
20 गीता पुत्री श्री रामलक्ष्मण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
21 शकुन्तला पुत्री श्री रामलक्ष्मण जाति ब्राहमण निवासी छाबडियों का नयागांव
22 बजरंगा आ0 श्री हरदेवा जाति धाकड निवासी छाबडियों का नयागांव
23 धन्ना आ0 श्री हरदेवा जाति धाकड निवासी छाबडियों का नयागांव
24 गट्टू पत्नी श्री हरदेवा जाति धाकड निवासी छाबडियों का नयागांव
25 गोमदा आ0 श्री चतुर्भुज जाति धाकड निवासी छाबडियों का नयागांव
26 महेशपाल आ0 श्री चतुर्भुज जाति धाकड निवासी छाबडियों का नयागांव
27 गोपाल लाल आ0 श्री चतुर्भुज जाति धाकड निवासी छाबडियों का नयागांव
28 भंवरलाल आ0 श्री रामकरण जाति गूजर निवासी छाबडियों का नयागांव
29 हीरा आ0 श्री रामकंरण जाति गूजर निवासी छाबडियों का नयागांव
30 बद्री आ0 श्री रामकरण जाति गूजर निवासी छाबडियों का नयागांव
31 हनुमान आ0 श्री जगदीश जाति गूजर निवासी छाबडियों का नयागांव

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डोली (बून्दी)

32 रंगलाल आ0 श्री मूलचन्द जाति गूजर निवासी छाबडियों का नयागांव तहसील हिण्डोली जिला बून्दी राज0

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा :– 111, 128, एल0आर0एक्ट

वकील प्रार्थी :– श्री कैलाश चन्द नामधराणी

वकील अप्रार्थी :– श्री जितेन्द्र कोठारी

निर्णय दिनांक :– 13/07/2022

## निर्णय

प्रार्थना पत्र के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि ग्राम छाबडियों का नयागांव पटवार मण्डल क्षेत्र छाबडियों का नयागांव तहसील हिण्डोली जिल बून्दी में खाता संख्या 15 की कृषि भूमि खसरा संख्या 13 रकबा 4 बीघा 4 बिस्वा, खसरा संख्या 15 रकबा 2 बीघा 18 बिस्वा, खसरा संख्या 16 रकबा 4 बीघा 5 बिस्वा, खसरा संख्या 17 रकबा 2 बीघा 16 बिस्वा कुल किता 4 रकबा 14 बीघा 3 बिस्वा विरिथत है। राजस्व रिकार्ड जमाबंदी संवत् 2071–74 में प्रार्थीगण उक्त भूमियों के खातेदार है। उक्त वर्णित भूमिया प्रार्थीगण के स्वामित्व व अधिपत्य की भूमिया है जिन पर प्रार्थीगण काश्त करते चले आ रहे है। प्रार्थीगण का उक्त वर्णित भमियों पर कब्जा काश्त चला आ रहा है एवं वर्तमान में भी उक्त भूमियों पर प्रार्थीगण का ही कब्जा काश्त है। प्रार्थीगण की उक्त भूमियों के चारो ओर अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 31 के स्वामित्व व अधिपत्य की भूमिया विस्थित है जिन पर अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 31 का कब्जा काश्त चला आ रहा है। अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 31 प्रार्थीगण के पडौसी काश्तकार है। प्रार्थीगण ग्राम दुगारी तहसील नैंनवा जिल बूयन्दी में निवास करते है, इस बात का फायदा उठाकर अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 31 आये दिन प्रार्थीगण के स्वामित्व व अधिपत्य की भूमियों की सीमा के संबंध में विवाद करते है और प्रार्थीगण की उक्त भूमियों पर हो रही सीमाबन्दी को हटा देते हैं एवं प्रार्थीगण द्वारा उक्त बात का उलाहना अप्रार्थीगण को देने पर हमेशा मौके पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मौके पर भूमियों की सीमा के संबंध में कभी भी तनाव उत्पन्न हो सकता है, इस कारण प्रार्थीगण के स्वामित्व व अधिपत्य की भूमियों की पत्त्थरगढी किया जाना न्याय हित में आवश्यक है। प्रार्थीगण ने अभी जून 2019 में तहसीलदार हिण्डोली के समक्ष प्रार्थीगण के स्वामित्व व अधिपत्य की भूमियों की पत्थरगढी किये जाने हेतु निवेदन किया तो तहसीलदार हिण्डोली ने प्रार्थीगण को न्यायालय श्रीमान के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश करने की बात कही, इस कारण प्रार्थीगण न्यायालय श्रीमान के समक्ष यह प्रार्थना पत्र पेश कर रहे है। न्याययालय श्रीमान के आदेशानुसार प्रार्थीगण पत्थरगढी की खर्चा राशि वहन करने को तैयार है। न्यायालय श्रीमान को उक्त प्रार्थना पत्र के श्रवणाधिकार प्राप्त है। प्रार्थना पत्र उचित न्याय शुल्क व तलबाने पर पेश है।

अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 में अंकित प्रार्थीगण के स्वामित्व व अधिपत्य की ग्राम

उपखण्ड अधिकारी हिण्डोली (बून्दी)

छाबडियों का नयागांव तहसील हिण्डोली जिला बून्दी में विस्थित भूमियों की पत्थरगढी किए जाने का आदेश प्रदान करने की कृपा करे।

जबाव प्रार्थना पत्र प्रस्तुत अप्रार्थीगण प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 व 2 में वर्णित तथ्य जानकारी के अभाव में अस्वीकार है। प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 3 अस्वीकार है। प्रार्थीगण व अप्राथीगण संख्या 1 लगायत 31 अपनी अपनी भूमियों पर काबिज काश्त है। प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 4 में वर्णित तथ्य अस्वीकार है। अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 31 ने कभी भी प्रार्थीगण से सीमा सम्बन्धी विवाद नहीं किया है। न ही विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई है। प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 5 में वर्णित तथ्य अस्वीकार है। प्रार्थीगण को पत्थरगढी करवाने को कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 6 अस्वीकार है। पत्थरगढी करने के अधिकारी तहसीलदार सा0 को है। प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 7 औपचारिक है। प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 8 व 9 कानूनी है। प्रार्थना पत्र अप्रार्थीगण द्वारा खारिज फरमाने का निवेदन किया।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जर्ये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण से जबाव प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को अस्वीकार करते हुए प्रार्थना पत्र प्रार्थी मय खर्चे के खारिज फरमाने का निवेदन किया।

हमने वकील पक्षकारान की बहस सुनी वकील प्रार्थीगण ने उसकी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया। वकील प्रार्थीगण के उक्त तथ्यों का खण्डन करते हुए वकील अप्रार्थीगण ने प्रार्थी की भूमि पर कभी कब्जा नहीं करना व कोई सीमा संबंधी विवाद नहीं करना कथन करते हुए प्रार्थना पत्र प्रार्थी खारिज किये जाने का निवेदन किया।

हमने प्रार्थना पत्र पर वकील पक्षकारान की बहस सुन कर पत्रावली का अवलोकन किया। बहस के दौरान प्रस्तुत तर्को पर मनन किया गया। वादग्रस्त सम्पदा प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि है, जिसकी प्रार्थीगण पत्थरगढी करवाना चाहता है। उक्त आराजी की पत्थरगढी किये जाने से अप्रार्थीगण के हितों पर कोई विपरीत प्रभाव नही पडेगा। प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

अतः प्रार्थना प्रार्थी स्वीकार किया जाकर कृषि भूमि खसरा संख्या 13, 15, 16, 17 कुल किता 4 कुल रकबा 14.03 बीघा वाके ग्राम छाबडियों का नयागांव पटवार मण्डल छाबडियों का नयागांव की प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण की उपस्थिति में उक्त आराजी की पत्थरगढी किये जाने के आदेश दिये जाते है। नायब तहसीलदार दबलाना नियमानुसार राशि राजकोष में प्रार्थी से जमा कर दोनों पक्षकारों को सूचित करते हुए उनकी उपस्थिति में भूमि की पत्थरगढी करवाना सुनिश्चित करे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तकमील नम्बर से कम होकर दाखिल दफत्र हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया।

(अमित कुमार चौधरी)
उपखण्ड अधिकारी
हिण्डोली